डाक पंजीयन क्रं. मालवा डिविजन/404/2025-27 RNIMPHI/2022/86763

हिन्दी दैनिक

# संघर्ष से सिद्धि

खबरों के साथ, हर नजरिये की बात

Sangharshsesiddhi@gmail.com | उज्जैन, गुरुवार 12 फरवरी 2026 | वर्ष-04 अंक-190 | पृष्ठ-08, मूल्य-01 रुपये

''स्वदेशी अपनाओ, राष्ट्र को शक्तिशाली बनाओ''

# मुख्यमंत्री यादव ने 1133.67 करोड़ की लागत के हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना का हरियाखेड़ी ग्राम में वेद मंत्रोच्चार की गूंज के मध्य भूमिपूजन किया

(धवन माहेश्वरी प्रधान संपादक)

**उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सिंहस्थ 2028 दृष्टिगत किए जा रहे 1133.67 करोड़ की लागत से निर्मित किए जा रहे हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना का भूमिपूजन हरियाखेड़ी में वेद मंत्रोच्चार की गूंज के मध्य किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव की मंशानुरूप हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना अंतर्गत निर्बाध शुद्ध जल की आपूर्ति के लिए नवीन पाइपलाइन भी डाली जाएगी साथ ही पुरानी पाइपलाइन की जगह नवीन पाइपलाइन भी बिछाई जाएगी।**



**हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना के जल स्त्रोत**

हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना के अंतर्गत सेलारखेड़ी, गंभीर, उंडासा एवं साहिबखेड़ी को मुख्य जल स्त्रोत के रूप में उपयोग किया जाएगा जिससे सिंहस्थ के दौरान और उसके बाद भी निर्बाध जल आपूर्ति बनी रहे।

**हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना की लागत एवं समय-सीमा**

हरियाखेड़ी परियोजना की कुल लागत लगभग 1133.67 करोड़ है। परियोजना को 24 माह की निर्धारित समय-सीमा में चरणबद्ध रूप से पूर्ण किया जाएगा।

**हरियाखेड़ी जल आवर्धन परियोजना के प्रमुख घटक**

हरियाखेडी एवं गंभीर पर 2 नए इंटेक वेल का निर्माण किया जा रहा है। अंबोदिया (70 एमएलडी), गौघाट (80 एमएलडी) एवं हरियाखेड़ी (100 एमएलडी) में नए जल शोधन संयंत्रों का निर्माण, जिनकी कुल क्षमता 250 एमएलडी होगी। उक्त जल शोधन यंत्री से मौजूदा 7 जल शोधन संयंत्रों (कुल 151 एमएलडी क्षमता) को मजबूत एवं उन्नत किया जाएगा।

परियोजना अंतर्गत 600 से 3000 किलो लीटर क्षमता के 17 नए ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे। योजना अंतर्गत 708 किमी पाइपलाइन जिसमें लगभग 534 किलोमीटर लंबा नया वितरण नेटवर्क विकसित किया जाएगा तथा पुरानी एसीपी पाइपलाइन भी बदली जाएगी।

**परियोजना से 49,087 नए घरेलू जल सेवा कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे**

शुद्ध पानी के लिए 150 से 800 मि.मी. व्यास की क्लियर वॉटर पाइपलाइन (लगभग 136 किलोमीटर) बिछाई जाएगी। पानी के लिए 900 से 1300 मि.मी. व्यास की रॉ वॉटर पाइपलाइन (लगभग 39.75 किलोमीटर) का निर्माण किया जाएगा।

**हरियाखेड़ी परियोजना का महत्व**

सिंहस्थ 2028 के दौरान श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना। शहर की दीर्घकालिक जल सुरक्षा को मजबूत करना। पुरानी पाइपलाइन बदलकर जल हानि को कम करना। हर घर तक जल आपूर्ति सुनिश्चित कर स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं शहर की समग्र व्यवस्था में सुधार करना है।

**जनसंख्या एवं जल आवश्यकता**

सिंहस्थ 2028 के दौरान उज्जैन शहर की प्रभावी जनसंख्या लगभग 9.65 लाख तथा मेला क्षेत्र की अस्थायी जनसंख्या लगभग 21.83 लाख अनुमानित है। दिव्य राजसी स्नान के दिनों में एक ही दिन में लगभग 228 लाख श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है। उज्जैन के निकट बसे लगभग 20 ग्रामों को भी योजना में शामिल किया गया है। ये ग्राम नगरीय विस्तार क्षेत्र में स्थित होने के कारण भविष्य में जल मांग में महत्वपूर्ण योगदान करेंगे। उक्त परियोजना सिंहस्थ 2028 के पश्चात उज्जैन शहर की वर्ष 2055 तक की जल आपूर्ति आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सक्षम होगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने पौधारोपण भी किया।

# कोई माई का लाल पैदा नहीं हुआ जो...राहुल के देश बेचने वाले आरोप पर किरेन रिजिजू का पलटवार

**नई दिल्ली। लोकसभा में बुधवार (11 फरवरी) को केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा किया और कहा कि इस सरकार ने देश को बेच दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील होलसेल सरेंडर है। कांग्रेस सांसद ने व्यापार समझौते को लेकर सवाल खड़े करते हुए कहा कि यह बराबरी की शर्त पर नहीं किया गया है। राहुल ने दावा किया कि भारत-अमेरिका समझौते में देश के किसानों के हितों को कुचल दिया गया, जैसा आज से पहले किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया और आगे भी कोई नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि इस सरकार को शर्म आनी चाहिए कि उसने भारत माता को बेच दिया है।**





इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पलटवार करते हुए कहा कि कोई माई का लाल पैदा नहीं हुआ जो, देश को बेच या खरीद सके। पीएम मोदी अब तक के सबसे मजबूत प्रधानमंत्री हैं। इस दौरान दोनों नेताओं की सदन के अंदर जुबानी जंग भी हुई।

**राहुल के रिजिजू ने फिर टोका**

इससे पहले राहुल ने कई सनसनीखेज आरोप लगाए, जिनका सरकार की तरफ से और चेयर की तरफ से तुरंत जवाब आया। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने हंगामा किया। बाद में राहुल ने कहा, मुझे नहीं लगता कि सरकार ऐसी कोई डील साइन करेगी, जब तक कि उसमें किसी तरह का दबाव या फायदा न हो। हमारे किसानों को अपना ख्याल खुद रखने के लिए छोड़ दिया गया है। टेक्सटाइल सेक्टर खत्म हो गया है। हमारी एनर्जी सिक्योरिटी को दूसरों के हवाले किया जा रहा है÷ इस पर रिजिजू ने गांधी को टोकते हुए कहा, आप बिना किसी सबूत के आरोप लगा रहे हैं और बेबुनियाद बातें कर रहे हैं, जो मंजूर नहीं है।

**पीठासीन जगदंबिका पाल से भी नोकझोंक**

भाषण के दौरान राहुल गांधी की पीठासीन जगदंबिका पाल से भी हल्की नोकझोंक हुई, जब उन्होंने एपस्टीन फाइल का उल्लेख करना शुरू किया। उन्होंने पीठासीन जगदंबिका पाल से कहा कि आप हमारी पार्टी के एक्स मेंबर हैं, विशेष संरक्षण की उम्मीद करते हैं। हम आक्रामक नहीं होंगे। इस पर जगदंबिका पाल ने कहा कि ये चेयर पर आरोप है, आपकी पार्टी से शैलजा जी हैं। आप हमारी सलाह मानते तो सही टैक पर होते, आज वहां नहीं होते। पूरा देश आपको देख रहा है, बजट पर बोलिए न। आरोप रिकॉर्ड नहीं किए जाएंगे।

**भारत ने डेटा हैंड ओवर कर दिया है**

राहुल गांधी ने इसके बाद कहा कि कोई भी भारतीय प्रधानमंत्री, पीएम मोदी समेत इस डील पर ऐसे साइन नहीं करता, जब तक वह चोक नहीं होता। इसके बाद पीठासीन ने उन्हें फिर टोका। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि मुझे कॉन्क्लुड तो करने दीजिए, नहीं तो यहां दो-तीन घंटे लग जाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि भारत ने डेटा हैंड ओवर कर दिया है। हमारे किसानों को अमेरिकी फर्म्स के सामने सरेंडर कर दिया गया है। इसका लॉजिक ही नहीं है सर। ये जो हुआ है, वह पूरा सरेंडर है। आपने आज थोड़ा ज्यादा बोलने दिया। यह होलसेल सरेंडर है। यह केवल पीएम का सरेंडर नहीं है, देश की 140 करोड़ आबादी का सरेंडर है और इसके पीछे बीजेपी का फाइनेंशियल स्ट्रक्चर है।

**इन्हें ऑथेंटिकेट करना होगा**

इस पर रिजिजू ने आपत्ति की और कहा कि चेयरमैन की रूलिंग के बावजूद बार-बार एलिगेशन लगाए जा रहे हैं। इन सबको इन्हें ऑथेंटिकेट करना होगा। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि ऑथेंटिकेट कर रहा हूं, दे रहा हूं सब। इस पर पीठासीन ने कहा कि वह मंत्री जी ने कहा था, चेयर ने आपसे नहीं मांगा है।

राहुल गांधी ने कहा, अमेरिका और चीन के बीच मुकाबले में सबसे महत्वपूर्ण बात भारत का डेटा है। अगर अमेरिका महाशक्ति बने रहना चाहता है और डॉलर की रक्षा करना चाहता है तो अमेरिकियों के लिए भारत का डेटा बहुत महत्वपूर्ण है। कांग्रेस नेता ने कहा, कुछ लोग कहते हैं कि जनसंख्या त्रासदी है, लेकिन मैं कहता हूं कि यह ताकत है।

राहुल गांधी ने कहा कि अगर विपक्षी इंडिया गठबंधन की सरकार होती और व्यापार समझौते की बात करती तो हम अमेरिका के राष्ट्रपति से कहते कि आप के डॉलर की सुरक्षा करने की सबसे बड़ी पूंजी भारतीय लोगों के पास है।

**पाकिस्तान के बराबर नहीं खड़ा किया जा सकता**

उन्होंने कहा, हम बराबरी पर बात करते। हम कहते कि आप ऐसे बात नहीं कर सकते कि हम आपके नौकर हैं। हम अमेरिकी राष्ट्रपति से यह भी कहते कि हम अपने ईंधन की रक्षा करने जा रहे हैं। हम यह भी कहते हैं कि आप अपने किसानों की रक्षा करेंगे, लेकिन हम भी अपने किसानों की रक्षा करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत को पाकिस्तान के बराबर नहीं खड़ा किया जा सकता।

# शाजापुर की मोहन बड़ोदिया पुलिस ने ग्राम बुरलाय-देहरीपाल NTPC सोलर प्लांट से चोरी गई 31 सोलर प्लेट मय टाटा मेजिक वाहन सहित किमती 7,25,808 रू की बरामद

**शाजापुर। दिनांक 22.01.2026 को फरियादी पंकज गुर्जर पिता राजेन्द्रसिंह जाति गुर्जर नि. ग्राम चोमा बंगला ने साईड इन्चार्ज योगेश बैरागी नि. जावदीखेडा के साथ थाना आकर रिपोर्ट किया कि में करणी सील्ड कंपनी देहरीपाल सोलर प्लांट मे सुपरवाईजर के पद पर कार्य करता हूँ।**

दिनाँक 22.01.2026 के सुबह करीबन 06.00 मैंने NTPC कंपनी के ब्लॉक क्रमांक 12 में जाकर देखा तो वहाँ पर पूर्व से स्पेयर में रखे 31-31 सौलर प्लेटो के 03 बन्डल में से 01 सौलर प्लेट बन्डल नहीं था। दिनाँक 21-22.01.2026 की दरमीयानी रात में कोई अज्ञात बदमाश हमारी कंपनी के पूर्व से स्पेयर में रखे 31-31 सौलर प्लेटो के 03 बन्डल में से 01 सौलर प्लेट बन्डल चोरी करके ले गया है। रिपोर्ट पर थाना हाजा पर अपराध धारा 303 (2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**अपराध का खुलासा-**

विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), शाजापुर,अजय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मोहन बड़ोदिया निरी भीम सिंह पटेल द्वारा पुलिस टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान पता चला की थाना बड़ोद पुलिस द्वारा कुछ आरोपियों को उनके चोरी के अपराध में पकड़ा गया है। जिनसे पुछताछ हेतु पुलिस टीम रवाना कि गई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी नितेश सोलंकी पिता आत्माराम उम्र 24 साल



निवासी ग्गाम चौमा डांक बंगला धर्मेन्द्र सिंह पिता तकसिंह राजपुत उम्र 23 साल निवासी ग्राम चौमा डांक बंगला, विशाल कटारिया पिता सीताराम उम्र 19 साल निवासी ग्राम सागडिया अर्जुन सुर्यवंशी पिता शंकर लाल उम्र 23 साल निवासी ग्गप्रम सागडिया से सख्ती से पुछताछ की गई। पुछताछ में उक्त चारों आरोपियों द्वारा घटना दिनांक 21-22.01. 26 की मध्य रात्री में ग्राम देहरीपाल बुरलाय एन.टी.पी.सी. कम्पनी के सोलर प्लांट के ब्लॉक क्रमांक 12 से 3 सोलर प्लेटों के बंडलों में से 1 सोलर प्लेट का बंडल जिसमें करीबन 31 सोलर प्लेटे थी चोरी करना बताया व उक्त चोरी की गई सोलर प्लेटों कों टाटा मेजिक वाहन कमांक एम.पी.13/ एल.5246 में भरकर बेचने हेतु आपस में बांट कर बुरलाय के जंगल में छुपाना बताया। जिन्हे गिरफ्तार कर दिनांक 10.02.2026 को उक्त चारों आरोपियों से अपराध सदर में चोरी गई 31 सोलर प्लेटें किमती 2,75,808 रू की मय एक टाटा मेजिक वाहन कमांक एम.पी. 13/एल. 5246 किमती 4,50,000 रू कुल बरामद माल किमती 7,25,808 रू का बरामद किया गया है। जिनसे अन्य जिलों एवं थानों में हुई चोरियों में पुछताछ की जा रही है। आरोपीगण आपराधिक प्रकृति के होकर इनके विरूद्ध जिला आगर थाना बड़ोद व जिला शाजापुर में भी चोरी के अपराध दर्ज है। आरोपीगण से अन्य अपराधों में भी पुछताछ की जा रही है।

01.आरोपी नितेश सोलंकी पिता आत्माराम निवासी ग्राम चौमा डांक बंगला, 02.धर्मेन्द्र सिंह पिता तकसिंह राजपुत निवासी ग्गाम चौमा डांक बंगला, 03.विशाल कटारिया पिता सीताराम निवासी ग्राम सागडिया डेया, 04. अर्जुन सुर्यवंशी पिता शंक शंकर लाल निवासी ग्गाम सागडिया। उक्त कार्यवाही में मुख्य भूमिका निरी भीम सिंह पटेल, उनि के.एन.यादव, सउनि सुभाष पटेल, सउनि विजय सिंह, सउनि लाखन सिंह राजपुत एवं स्टाफ की रही।

**विशेष अपील**-सभी कस्बा वासियो से अनुरोध है कि यथासम्भव अपने मकान तथा प्रतिष्ठानों में सीसीटीव्ही कैमरे लगाए तथा एक दो कैमरों का व्यू सड़क तथा आसपास भी रखे।

# नीमच शहर में दिन दहाडें हाईकोर्ट एडवोकेट श्री पटवा के घर हुई चोरी की वारदात का चंद घंटों में पर्दाफाश

**नीमच। जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में बरामदगी एवं धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसौदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नीमच केंट निरीक्षक निलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस थाना नीमच केंट टीम द्वारा दिनांक 10.02.2026 को शिक्षक कालोनी में दिन दहाड़ें हुई चोरी की वारदात का चंद घंटो में खुलासा कर 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर चोरी गया मश्रुका जप्त करने में सफलता प्राप्त की गई है।**



दिनांक 10.02.2026 को फरियादी सुरेन्द्र पटवा द्वारा पुलिस थाना नीमच केट पर आकर रिपोर्ट की गई कि दिन करीब 12.00 बजे मे मै अपने निवास पर आगे वाले कमरे में बने आफिस में काम कर रहा था मेरे घर के मैन गेट पर ताला लगा था तभी मुझे पीछे के कमरे से खटपट की आवाज सुनाई देने पर शंका पर पीछे वाले कमरे मे कोई होने पर मैनगेट का ताला खोलकर पडोसी को बुलाने निकला तो मेरे मकान के पीछे के कमरे से दो व्यक्ति निकल कर भागे बाद मैने अपने घर के अंदर जाकर देखा तो कमरे में सामान बिखरा पड़ा था तथा अलमारी का दरवाजा खुला हुआ था और मेरे घर के पीछे का दरवाजा टुटा हुआ था। उक्त रिपोर्ट पर से पुलिस थाना नीमच केंट पर अपराध क्रमांक 66/26 धारा 305-ए, 3313(3) भारतीय न्याय संहिता का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

नीमच शहर में दिन दहाडें हुई चोरी की वारदात को गंभीरता से लिया जाकर पुलिस अधीक्षक द्वारा चोरी की वारदात का पर्दाफाश कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये। थाना प्रभारी नीमच केंट निरीक्षक निलेश अवस्थी द्वारा तत्काल मय टीम के मौके पर जाकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा घटना की वारदात का खुलासा करने में पुलिस टीमों को लगाया गया। पुलिस टीमों द्वारा घटना स्थल के सीसीटीवी फुटेज देखते 02 लड़कों के घर से भागते हुए का फुटेज प्राप्त होने पर पुलिस टीमों द्वारा घटना स्थल के आगे के सीसीटीवी फुटेज एवं शहर में चोरो के भागने के सीसीटीवी फुटेज देखे जाने एवं चोरो के संबंध में जानकारी प्राप्त करने हेतु मुखबिर तंत्र को मजबुत किया गया।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आये हुलिये के आधार पर एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर अज्ञात चोरो की पहचान किये जाने पर उक्त घटना स्थल से भागने वाले चोरो की पहचान मुकेश काछी एवं सोहिल निवासी पशु हॉट मैदान नीमच के रूप में हुई।

पुलिस टीमों द्वारा दोनो को गिरफ्तार किया जाने पर उक्त घटना को कारित करना एवं संजय बागरी द्वारा घटना स्थल से दूर मोटर सायकल पर इंतजार करना बताया जाने पर संजय बागरी को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को बुधवार को माननीय न्यायालय में पेश किया जाकर अन्य वारदातों के संबंध में पुछताछ की जावेंगी।

# तराना विद्युत मंडल कर्मचारी आया मेंटनेंस के दौरान चपेट में उज्जैन किया रेफर

(अरशद जागीरदार)

**तराना।** तराना के बगौदा रोड स्थित विद्युत मंडल के ग्रिड पर मंगलवार दोपहर मेंटेनेंस कार्य के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। यहाँ कार्य कर रहा एक आउटसोर्स कर्मचारी अचानक बिजली के हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया। हादसे के तुरंत बाद ग्रिड पर हड़कंप मच गया और घायल कर्मचारी को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। गंभीर हालत में उज्जैन रेफर-प्राप्त जानकारी के अनुसार, करंट से झुलसा कर्मचारी अर्जुन सेनानिया निवासी जवासिया है। अर्जुन विद्युत वितरण कंपनी के अधीन आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में कार्यरत है। मंगलवार दोपहर वह ग्रिड पर मेंटेनेंस का कार्य कर रहा था, तभी अचानक उसे बिजली का जोरदार झटका लगा और वह बुरी तरह झुलस गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तराना अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे तुरंत उज्जैन रेफर कर दिया है। सुरक्षा मानकों और परमिट पर उठे सवाल-इस दुखद घटना के बाद विद्युत विभाग कार्यप्रणाली की पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सामान्य तौर पर मेंटेनेंस कार्य के दौरान विभाग द्वारा त परमिट लिया जाता है और संबंधित लाइन की बिजली सप्लाई पूरी तरह बंद की जाती है। ऐसे में चर्चा का विषय यह है कि जब मेंटेनेंस चल रहा था, तो अचानक बिजली सप्लाई कैसे शुरू हो गई? क्या परमिट लेने में लापरवाही बरती गई या फिर बिना लाइन बंद किए ही



कर्मचारी को पोल पर चढ़ा दिया गया?

**जांच की उठ रही मांग**

घटना के बाद स्थानीय नागरिकों और कर्मचारियों में रोष है। मांग की जा रही है कि संबंधित अधिकारियों और बिजली कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन को इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। आखिर इस लापरवाही का जिम्मेदार कौन है और किसकी चूक के कारण अर्जुन की जान जोखिम में पड़ी, यह जांच का मुख्य बिंदु होना चाहिए।

# नीमच जिले में चरनोई भूमि को लेकर दायर जनहित याचिका को झटका, हाई कोर्ट ने हटाई रोक, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना को राहत

**नीमच।** जिले की गौचर/चरनोई भूमि को लेकर दायर जनहित याचिका पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने बड़ा फैसला सुनाया है। वादी जगदीश कुमावत की ओर से दायर जनहित याचिका में कोर्ट ने 17 नवंबर 2025 को लगाया गया स्टे आदेश निरस्त कर दिया है, जिससे राज्य सरकार की इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना को बड़ी राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि याचिका में आरोप था कि ग्राम के निस्तार पत्रक में दर्ज गोचर/चरनोई भूमि को मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 234 के प्रावधानों की अनदेखी कर अन्य प्रयोजनों के लिए उपयोग में लिया गया। इसी आधार पर भूमि पर रोक की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान राज्य शासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि याचिका वास्तविक जनहित में नहीं, बल्कि व्यक्तिगत हित से प्रेरित है।

शासन की ओर से न्यायालय को बताया गया कि कलेक्टर द्वारा 6 दिसंबर 2017 को धारा 237 के तहत विधिवत आदेश पारित कर उक्त भूमि को विकास एवं अधोसंरचना परियोजना हेतु डायवर्ट किया गया था। यह भूमि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना के लिए स्वीकृत है।



**शासन ने दिया ये स्पष्टीकरण**

राज्य शासन ने स्पष्ट किया कि परियोजना के लिए भूमि पहले राज्य सरकार के नाम दर्ज की गई और फिर नोडल एजेंसी एमपीआईडीसी के माध्यम से औद्योगिक इकाई स्थापना हेतु सुविधि रियांश को आवंटित की गई। यह पूरी प्रक्रिया शासन की स्वीकृति और कानून के दायरे में की गई है।

**न्यायालय ने भू-राजस्व संहिता का दिया हवाला**

न्यायालय ने भू-राजस्व संहिता की धारा 237(4) का हवाला देते हुए कहा कि राज्य सरकार की स्वीकृत विकास एवं अधोसंरचना परियोजनाओं के लिए यदि गौचर भूमि का उपयोग अपरिहार्य हो तो कलेक्टर वैकल्पिक निस्तार व्यवस्था सुनिश्चित कर भूमि का विचलन कर सकता है।

**निचली अदालत का आदेश को निरस्त**

कोर्ट ने दस्तावेजों के आधार पर माना कि इंडस्ट्रियल कॉरिडोर राज्य सरकार की परियोजना है और सुविधि रेयांश को किया गया भूमि आवंटन प्रथम दृष्टया वैधानिक है। इन तथ्यों के मद्देनज़र हाईकोर्ट ने स्टेटस-क्वो (स्टे) आदेश को समाप्त कर दिया। हालांकि, वादी जगदीश कुमावत को चार सप्ताह में प्रत्युत्तर दाखिल करने का अवसर दिया गया है।

# 48 फीसदी अभिभावक बोले, बेहतर परफॉर्म करने से बच्चे भी प्रेशर में रहते हैं....

## 79 फीसदी पेरेंट्स अपने सपने, बच्चों पर थोप देते हैं-91 फीसदी बोले-बचपन जीएं, परफेक्शन में न खोएं.....

**झाबुआ (संजय जैन-सह संपादक)। बेटा देखो वह तुम्हारी उम्र का है, पढ़ने में आगे रहता है। खेल व अन्य क्रिएटिविटी में भी उसका कोई मुकाबला नहीं है। उस रिश्तेदार को जानते हो उनका बेटा-बेटी भी तुमसे तेज है। क्या आपने कभी सोचा है कि ऐसी बातों का बच्चों की मनोस्थिति पर कितना गंभीर असर पड़ता है।**

संजय जैन (सह-संपादक)
942510-1357 883910-7012
गिद्ध दृष्टि



**अंधी होड़ में बच्चों से परफेक्शन की मांग.......**

आगे निकलने की इस अंधी होड़ में बच्चों से परफेक्शन की मांग की जा रही है। इसका असर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। क्योंकि अभिभावक व परिजन उनकी तुलना दूसरे बच्चों से करते है तो कभी स्कूल में शिक्षक अन्य स्टूडेंट्स का भी उदाहरण गिनाते रहते है। हालांकि शिक्षकों को शासन द्वारा इस तरह की उदाहरण देने के लिए मना किया गया है।



**बचपन मौज-मस्ती से जीने के लिए है.....**

संघर्ष से सिद्धि टीम ने शहर में 50 लोगों का सर्वे किया जिसमे 91 फीसदी लोगों ने माना कि बचपन मौज-मस्ती से जीने के लिए है न कि परफेक्शन के फेर में उलझने के लिए। वहीं सर्वे में 79 फीसदी लोगों का कहना है कि माता-पिता अपने सपने बच्चों पर थोपते है,इसलिए कम उम्र से ही बच्चे दबाव में रहते है। जबकि 48 फीसदी का मानना है कि बेहतर परफॉर्म करने के लिए बच्चे भी प्रेशर में रहते है। सर्वे में शामिल लोगों का कहना है कि बच्चों के सामने हमेशा दूसरों की तारीफ करते समय संयम बरतना चाहिए। क्योंकि ऐसा न हो कि बच्चे आक्रामक हो जाएं अथवा उनका मनोबल ही टूट जाए।

**1-बच्चों पर दबाव किन कारणों से है....**

- 36 प्रतिशत -घर-परिवार में दूसरे बच्चों से तुलना करना।
- 35 प्रतिशत-स्कूल में भी छोटी उम्र से ही कॉम्पिटिशन।
- 29 प्रतिशत-मौजूदा शैक्षणिक व्यवस्था।

**2-स्कूल व घर में बच्चों को कैसा वातावरण मिलना चाहिए....?**

- 45 प्रतिशत-बच्चों को सर्वोत्तम परफॉर्म करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
- 47 प्रतिशत-दूसरे बच्चों से तुलना नहीं करनी चाहिए।
- 08 प्रतिशत-उपरोक्त दोनों।

**3-बच्चों के सामने दूसरे बच्चों की तारीफ करना सही है....**

- 11 प्रतिशत-एकदम सही।
- 49 प्रतिशत-सही नहीं।
- 40 प्रतिशत-संयम के साथ करें तारीफ।

**4-अत्याधिक प्रतियोगी माहौल से बच्चों का आत्मविश्वास कम हो जाता है......**

- **70 प्रतिशत-हां।**
- **30 प्रतिशत-नहीं।**

**5-छोटी उम्र से ही बच्चों से परफेक्शन की उम्मीद सही है..........**

- 09 प्रतिशत-कम उम्र में ही बच्चों में परफेक्शन जरूरी है।




- 91 प्रतिशत-बचपन जीने के लिए है न कि परफेक्शन के लिए।

**6-कई माता-पिता अपने अधूरे सपने बच्चों पर थोपते है.....**

- 79 प्रतिशत-हां।
- 21 प्रतिशत-नहीं।

(नोट-50 लोगों को सर्वे में शामिल किया गया था।)

## बच्चों को घर में बेहतर माहौल दें....



बच्चों का किस चीज में रूझान है वह माता-पिता को जानने चाहिए और उसी लाइन में ही उसे आगे बढ़ाए। बच्चों की लगातार तुलना करने अथवा बार-बार यह कहने पर वह अच्छा परफॉर्म नहीं दे पाते हैं। इससे वह आक्रामक और चिड़चिड़े हो जाते हैं। उम्र के साथ ही उनमें गुस्सा भी बढ़ जाता है। लगातार तुलना करने पर बच्चों निराश हो जाते हैं और वह चाहकर भी बेहतरीन प्रदर्शन नहीं कर पाते है। कुछ भी अच्छा करते समय उनके दिमाग में फर्स्ट आने का दबाव बना रहता है। बच्चों को घर में बेहतर माहौल दिया जाए।

-डॉ.सचिन बामनिया-चाइल्ड स्पेशलिस्ट,जिला अस्पताल झाबुआ

## बच्चों में हीन भावना पैदा होने लगती है........



प्रत्येक बच्चे की अपनी रुचि और क्षमता होती है। माता-पिता व अभिभावकों को उनसे यह उम्मीद नहीं की जानी चाहिए कि वे दूसरों की तरह हर क्षेत्र में अच्छा करें। बच्चों की लगातार तुलना करने से बच्चों में हीन भावना पैदा होने लगती है और वे कम उम्र से ही आक्रामक होने लगते हैं और उसका असर उनकी उम्र पर भी पड़ता है।

-हरीश कुंडल-सीएम राइज स्कूल प्राचार्य,झाबुआ

## सम्पादकीय.......

### अविश्वास प्रस्ताव

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ कांग्रेस द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के बीच संसद परिसर का राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि उसके कई सांसद स्पीकर के कक्ष में पहुंचे और वहां उनके साथ गाली-गलौज की। रिजिजू के अनुसार, इस घटना से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ÷गहरे आहत÷ हैं। पत्रकारों से बातचीत में रिजिजू ने कहा कि उन्होंने स्वयं इस मामले पर स्पीकर से चर्चा की है और पूरी जानकारी ली है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के 20 से 25 सांसद स्पीकर के कक्ष में गए और वहां अनुचित व्यवहार किया।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और संसदीय मर्यादाओं के विपरीत है। उनके मुताबिक, करीब 20-25 कांग्रेस सांसद स्पीकर के कक्ष में पहुंचे और वहां उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष के साथ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। रिजिजू ने यह भी दावा किया कि उस समय कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी और केसी वेणुगोपाल भी वहां मौजूद थे। उन्होंने आरोप लगाया कि इन नेताओं ने अपने सांसदों को शांत कराने के बजाय उन्हें और उकसाया। हालांकि, कांग्रेस की ओर से इन आरोपों पर तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। रिजिजू ने कहा कि संसद में मतभेद और विरोध लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा हैं, लेकिन व्यक्तिगत स्तर पर अपमानजनक व्यवहार स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक संस्थाओं का अनादर बताया। इस पूरे घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में सदन के भीतर बोलने के अधिकार को लेकर विवाद भी सामने आया है। रिजिजू ने कहा कि स्पीकर द्वारा एक निर्णय दिए जाने के बावजूद उसका पालन नहीं किया गया। उनके अनुसार, राहुल गांधी ने कथित तौर पर कहा कि उन्हें बोलने के लिए किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है और वे अपनी इच्छा से बोलेंगे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए रिजिजू ने कहा कि संसद की कार्यवाही स्पष्ट नियमों के तहत चलती है और बिना अध्यक्ष की अनुमति कोई भी सदस्य सदन में नहीं बोल सकता। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ÷यहां तक कि प्रधानमंत्री भी तभी बोलते हैं जब अध्यक्ष अनुमति देते हैं।÷ रिजिजू के अनुसार, नियमों का पालन सभी सदस्यों के लिए अनिवार्य है, चाहे वह सत्तापक्ष का हो या विपक्ष का। उन्होंने कहा कि स्पीकर का स्वभाव अत्यंत शांत और संयमित है, अन्यथा इस प्रकार की घटना पर सख्त कार्रवाई की जा सकती थी।

विवाद के बीच कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। लोकसभा सचिवालय के सूत्रों के अनुसार, इस प्रस्ताव पर चर्चा बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन, यानी 9 मार्च को हो सकती है। सूत्रों का कहना है कि विपक्ष द्वारा दिए गए नोटिस में कुछ तकनीकी कमियां पाई गई हैं। बताया गया है कि प्रस्ताव में फरवरी 2025 की घटनाओं का चार बार उल्लेख किया गया है, जो नियमों के तहत आपत्ति का कारण बन सकता था। हालांकि, लोकसभा अध्यक्ष ने सचिवालय को निर्देश दिया है कि नोटिस में मौजूद कमियों को ठीक कराया जाए और प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए।

## लोकल यूथ सर्वेयरों ने मुख्यमंत्री व भू-आयुक्त एवं कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

(राजेश लोधी (गोलू)/ मो. 8358891367)

**अशोकनगर।** लोकल यूथ महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशन में तथा जिला अध्यक्ष विवेक यादव के मार्गदर्शन में तहसील अध्यक्ष दिलीप यादव के नेतृत्व में बुधवार को शाढौरा तहसील कार्यालय में तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री एवं भू-आयुक्त ग्वालियर एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में लोकल यूथ सर्वेयरों (DCS) से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए मांगें शीघ्र पूरी करने की अपील की गई, साथ ही चेतावनी दी गई कि मांगें पूरी नहीं होने पर बड़ी संख्या में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि लोकल यूथ सर्वेयर राजस्व विभाग के महत्वपूर्ण कार्यों का आधार स्तंभ हैं। किसान फसल गिरदावरी, फार्मर आईडी, किसान भूमि की केवाईसी जैसे कार्यों के साथ-साथ SIR कार्य में



भी सर्वेयरों द्वारा सहयोग किया गया है। सर्वेयरों को अपनी हल्का क्षेत्र में 0 मीटर पर खेत में जाकर फसल सर्वे करना होता है, जहां उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गांव से जंगल की ओर स्थित खेतों में फसल सर्वे के दौरान जंगली जानवरों के हमले का भय बना रहता है। कई स्थानों पर तार फेंसिंग व झटका मशीन के कारण सर्वेयर 0 मीटर तक नहीं पहुंच पाते। इसके अलावा कुछ मामलों में कृषकों द्वारा अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किए जाने से सर्वेयरों को मानसिक परेशानी होती है। आए दिन हो रहे ऐसे व्यवहार से सर्वेयर असुरक्षा और भ्रम की स्थिति में काम करने को मजबूर हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि शासन द्वारा सर्वेयरों के लिए पहचान पत्र (आईडी कार्ड) जारी किए जाएं, खरीफ फसल 2025 की शेष गिरदावरी राशि का भुगतान किया जाए, फसल गिरदावरी कार्य के दौरान प्रत्येक सर्वेयर का हेल्थ बीमा किया जाए तथा सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक सुरक्षा किट उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर संगठन मंत्री राजा रघुवंशी, तहसील सचिव विकास राज रघुवंशी, महेश रघुवंशी, सुवेंद्र यादव, नीरज, सौरभ, राजेंद्र रघुवंशी, बृजेंद्र यादव, बृजेश यादव, धीरज कुशवाहा, रविंद्र यादव, देशराज कुशवाहा सहित अनेक सर्वेयर उपस्थित रहे।

## डही नगर में महाशिवरात्रि पर तीन दिवसीय संगीतमय 'नानी बाई का मायरा' कथा सत्संग का आयोजन

(रामेश्वर सोनी)

**डही।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर डही नगर में तीन दिवसीय संगीतमय 'नानी बाई का मायरा' कथा सत्संग का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 12, 13 एवं 14 फरवरी 2026 को प्रतिदिन शाम 7.30 बजे से रात्रि 10.30 बजे तक श्री नीलकंठेश्वर महादेव जी मंदिर, नया बस स्टैंड, डही में सम्पन्न होगा।कथा पश्चात प्रसादी वितरण किया जाएगा।

कथा का वाचन प्रख्यात पुराण प्रवक्ता पं.मयंक शर्मा (राजोद, बदनावर वाले), आद्यशक्ति अनुष्ठान केंद्र बदनावर द्वारा किया जाएगा। उनके श्रीमुख से संगीतमय शैली में प्रस्तुत 'नानी बाई का मायरा' कथा श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेगी तथा धर्म, संस्कृति एवं आध्यात्मिक मूल्यों का संदेश देगी।

आयोजन समिति के अनुसार महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित यह कथा सत्संग श्रद्धालुओं के लिए विशेष आध्यात्मिक लाभ का अवसर





है। कथा के माध्यम से भगवान शिव की महिमा, भक्ति भावना तथा सनातन परंपराओं का महत्व उजागर किया जाएगा। आयोजन स्थल पर समुचित व्यवस्था की जा रही है ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु शांतिपूर्वक कथा श्रवण कर सकें।

श्री नीलकंठेश्वर महादेव जी मंदिर समिति, डही ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कथा का श्रवण करें एवं धर्मलाभ प्राप्त करें।

## अशोकनगर में ड्रग्स फैक्ट्री पकड़ी गई, इंदौर नारकोटिक्स टीम ने छापा मारा, दो आरोपी गिरफ्तार

(राजेश लोधी (गोलू)मो. 8358891367)

**अशोकनगर।** अशोकनगर जिले में इंदौर की नारकोटिक्स टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। यह कार्रवाई अशोकनगर जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के कड़राना गांव में की गई, जहां आधी रात को छापा मारकर भारी मात्रा में ड्रग्स और केमिकल जब्त किया गया। टीम ने मौके से दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, नारकोटिक्स टीम ने देर रात 1.30 बजे राघवेंद्र परमार नामक व्यक्ति के घर पर छापा मारा। 15 सदस्यीय दल ने मौके से 1 किलो 282 ग्राम तैयार ड्रग्स और 2 किलो 570 ग्राम अर्ध-तैयार ड्रग्स बरामद की। इसके अतिरिक्त, ड्रग्स बनाने में इस्तेमाल होने वाला 45 किलो एमडी ड्रग केमिकल और संबंधित उपकरण भी जब्त किए गए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राघवेंद्र पुत्र बलराम सिंह परमार (38) और प्रियांशु पुत्र सुनील जैन (31) निवासी हाट का पुरा, चंदेरी के रूप में हुई है। ये दोनों चंदेरी के जंगली इलाके में



स्थित इस कड़राना गांव में एमडी ड्रग्स का अवैध कारोबार चला रहे थे। छापेमारी के दौरान टीम को एक लाइसेंसी पिस्टल, 15 जिंदा राउंड और एक मैगजीन भी मिली है। साथ ही, भोपाल आरटीओ नंबर की एक कार (MP 04 C 5182) भी जब्त की गई है। यह कार्रवाई रात से लेकर सुबह तक चली, जिसमें चंदेरी पुलिस को भी मौके पर बुलाया गया था। इंदौर की नारकोटिक्स टीम को इस फैक्ट्री के बारे में सूचना मिली थी। जिले में यह पहली बार है जब स्थानीय निवासियों द्वारा इस प्रकार की अवैध एमडी ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री का संचालन सामने आया है।

## खंडवा के बीजेपी नेता जीतू चौधरी ने सूदखोरी से परेशान होकर की खुदकुशी

**खंडवा।** भारतीय जनता पार्टी के नेता और ठेकेदार जितेन्द्र चौधरी (जीतू) ने आर्थिक तंगी और सूदखोरी से तंग आकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार को उन्होंने जहर खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृत्यु से पहले दिए गए अपने बयान में उन्होंने कांग्रेस नेता पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं।

**कांग्रेस नेता सकरगाये के घर जाकर उठाया खौफनाक कदम**

खंडवा के लवकुश नगर (सेक्टर-3) निवासी जीतू चौधरी मंगलवार सुबह बड़गांव भीला रोड स्थित कांग्रेस नेता और पूर्व पार्षद गणेश सकरगाये के निवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर सकरगाये और अन्य लोग उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें जिला अस्पताल के आईसीयू में रेफर किया गया। दोपहर करीब 2=15 बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

**सूदखोरी और आर्थिक दबाव का मामला**

पुलिस को दिए मृत्यु पूर्व बयान में जीतू चौधरी ने स्पष्ट रूप से गणेश सकरगाये का नाम लेते हुए उन पर सूदखोरी का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि वह लंबे समय से आर्थिक



दबाव में थे और सूदखोरों द्वारा उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस ने इस बयान के आधार पर मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

**सिंधिया के साथ बदला था राजनीतिक दल**

जीतू चौधरी की गिनती क्षेत्र के सक्रिय नेताओं में होती थी। वह साल 2009 में कांग्रेस की टिकट पर पार्षद चुने गए थे। हालांकि, कमलनाथ सरकार के गिरने के दौरान वे ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक के रूप में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। उनके परिवार में पत्नी, एक इंजीनियर बेटा और एक कॉलेज में पढ़ रही बेटी है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# पुलिस वालों ने अन्य के साथ एक साथ ढ़ाई लाख कैश लेकर चलना गैरकानूनी, धमकाकर कारोबारी को लूटा

**इंदौर के पलासिया थाना क्षेत्र का मामला, दो आरोपियों ने दो पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर कमोडिटी कारोबारी को लूटा. एमआईजी थाने में पदस्थ हैं आरोपी पुलिसकर्मी, लूट का मुकदमा दर्ज कर दोनों हिरासत में लिया।**




**इंदौर।** पलासिया थाने की पुलिस ने एक कमोडिटी कारोबारी के साथ लूट के मामले में दो पुलिसकर्मी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

मामला इंदौर के पलासिया थाना क्षेत्र का है। पलासिया थाना क्षेत्र में रहने वाले फरियादी अल्फाद अपने भाई के साथ प्रापर्टी टैक्स भरने के लिए क्षेत्र में मौजूद डिपॉजिट मशीन पर ढाई लाख रुपए नगद लेकर गए।

इसी दौरान क्षेत्र में ही रहने वाला नावेद अपने साथी साहिल के साथ वहां पर पहुंचा और कारोबारी से कहा कि इतने रुपए नगद लेकर चलना गैरकानूनी है। इसके बाद उन्होंने वहां पर दो अन्य युवकों को बुला लिया जो खुद को पुलिसकर्मी बता रहे थे।

इसके बाद चारों आरोपियों ने दो लाख नगद सहित छह लाख की लूट की वारदात को अंजाम दिया। मामले में फरियादी द्वारा पलासिया पुलिस को शिकायत की गई। पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू की। जांच के दौरान नावेद और उसके साथी साहिल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से अन्य दो पुलिसकर्मी बनकर आए हुए युवकों के बारे में पूछताछ की। आरोपियों ने बताया कि दोनों आरोपी एमआईजी थाने में पदस्थ हैं।

एमआईजी थाने में पदस्थ हैं आरोपी पुलिसकर्मी, लूट का मुकदमा दर्ज कर दोनों हिरासत में लिया।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया, दोनों पुलिसकर्मियों को पलासिया थाना प्रभारी द्वारा पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया। पूछताछ के दौरान वे किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दे पाए। जिसके बाद पलासिया पुलिस ने एमआईजी थाने में पदस्थ पुलिस आरक्षक मनोज और आरक्षक अविनाश के खिलाफ भी लूट का मुकदमा दर्ज कर दोनों को हिरासत में ले लिया। उनसे पूछताछ की जा रही है।

# मिशन वात्सल्य के तहत बच्चों की वल्नरेबिलिटी मैपिंग पर जिलास्तरीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

**(आशीष वाणी)**

**आलीराजपुर।** जिले में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत जोखिमग्रस्त क्षेत्रों में निवासरत बच्चों की वल्नरेबिलिटी मैपिंग को लेकर बुधवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री मोनिका बघेल ने किया। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जोखिमग्रस्त क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों का प्राथमिकता के आधार पर चिन्हांकन किया जाएगा तथा उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने के लिए सहयोगी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से जरूरतमंद बच्चों तक समय पर





सहायता और संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकेगा। कार्यशाला में तकनीकी संस्था के मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रतिभागियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि वल्नरेबिलिटी मैपिंग का कार्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से किया जाएगा, जिसके लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार की गई है। कार्यशाला में सहायक संचालक सुश्री अंजली चौधरी ने सभी से मिशन वात्सल्य के उद्देश्यों की प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लेकर कार्यशाला का समापन किया।

कार्यशाला में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,आईसीपीएस स्टाफ तथा सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# चोरों के हौसले बुलंद किसान पर किया प्राणघात हमला हाथ पैर बांधकर खेत में छोड़ा

**(अनवर मंसूरी)**

**खंडवा राई खेडी।** किसान अनिल सिंह पिता हरिसिंह जाति राजपूत उम्र 41 वर्ष निवासी खेड़ी थाना नया हरसूद अपने खेत में पानी देने रात्रि 10:30 बजे के लगभग गए तो वहां एक मिनी आईसर ट्रक खेत में खड़ा दिखाई दिया हरसुड रोड से लगे खेत में किसान ने सोचा की सड़क से आईसर ट्रक शायद नीचे उतर गया होगा और वह वहां उक्त वाहन के पास पहुंच गए वहां वाहन के पास खड़े अज्ञात बदमाशों तुरंत उन पर प्राणघत हमला कर दिया हमला करने के बाद सीने पर कट्टा लाते हुये हाथ पैर बांध कर गेहू के खेत में पटक दिया और मुंह में गमछा बांध दिया और चेतावनी देते हुए कहा कि यदि ज्यादा होशियारी करी तो मारकर कुएं में फेंक जाएंगें। इस दौरान उन्होंने मोबाइल फोन भी छीन लिया हमले में किसान के मुंह हाथ पैर में गंभीर चोट आई है उन्होंने बताया कि फिर उन्होंने गाड़ी मे छोटे भाई के गोदाम मे रखी सोयाबीन की बोरियां उठाकर गाड़ी में लोड करके निकलने से पहले मुझे अपने खेत में बनी टापरी में पटक कर भाग गए।

किसान सुनील पिता हरसिंह राजपूत ने बताया की गोदाम से 50-50 किलो के 20 कट्टे सोयाबीन व 2 क्वीटल मक्का फसल गाड़ी में लोड किया तथा वाहन लेकर चलते बने उक्त घटना हरसुड रोड पर बने खेत की है जो ग्राम खेड़ी से हरसुड रोड पर करीब दो किलोमीटर की दूरी पर है किसान ने बताया कि गाड़ी में तीन से चार बदमाश थे उक्त बदमाशों के







जाने के बाद में घायल अवस्था मे पास के किसान देवीसिंह के खेत पहुंचा तब जाकर इसकी सूचना परिवार वालों को देने के बाद हरसूद पुलिस को सूचना दी गई वहां से 112 मौके पर पहुंची और घटना का निरीक्षण कर जाँच मे जुटी।

इस घटना से ग्राम खेडी व राई सहित आसपास के किसानों में आक्रोश है सभी ने उक्त बदमाशों को पकड़ने की मांग की।किसान गोकुल पटेल, प्रेमोद चौधरी, राजेश चौहान, सुनील चौहान, केदार यादव, उपसरपंच जितेंद्र पटेल, सरपंच प्रतिनिधि ओंकार कलाम आदि ने मांग की है कि शीघ्र ही पुलिस प्रशासन प्राणघत करने वाले बदमाशों पर कड़ी कार्रवाई करें ताकि क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावती ना हो।

# एकीकृत कन्या मा.वि. संधारा का विधाई समारोह सम्पन्न

**(कमल राठौर)**

**भानपुरा।** बुधवार को भानपुरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम संधारा के कन्या माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 8 वी की छात्राओं का विधाई समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें प्रधानाध्यक ललिता धाकड द्वारा बताया गया कि इस विद्यालय की शुरू से परंपरा रही है कि कक्षा 8 वी की छात्राओं का विधाई समारोह कक्षा 1 से कक्षा 7 वी की छात्राओं द्वारा मनाया जाता है जिसमें सभी छात्राएं कक्षा 8वी की छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित करती है कि आने वाली बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंकों से कक्षा 8 वीं उत्तीर्ण कर विद्यालय और अपने माता पिता का नाम रोशन करे। और कक्षा 9 वी में प्रवेश लेकर अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखे।

जिससे अपने भविष्य को उज्वल बनाया जा सके ।संस्था के सभी स्टाफ जनों ने भी कक्षा 8 वी की छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की और उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की जिसमें बालाराम जांगड़े,इला चतुर्वेदी सीमा मेडतवाल कन्हैलाल धाकड और महेंद्र



कुंवर हाडा मैडम ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की और स्वसहायता समूह के रसोइया हरिशंकर सोनी ने भी सभी छात्राओं को शुभकामनाएं और बधाई दी।

# कलेक्टर द्वारा मेले एवं एम्यूजमेंट राइड्स की सुरक्षा हेतु जिला एवं अनुभाग स्तरीय समितियों का गठन

**(संजय जैन सह संपादक)**

**झाबुआ।** किसी भी मेले, झूले अथवा मनोरंजन स्थलों पर अव्यवस्था या भगदड़ जैसी घटनाओं की रोकने हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक कदम उठाए गए हैं। कलेक्टर नेहा मीना द्वारा जिले में आयोजित होने वाले एम्यूज़मेंट राइड्स/मेले/मनोरंजन स्थल/गेमिंग जोन आदि के प्रभावी पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण के लिए जिला एवं अनुभाग स्तरीय समितियों का गठन किया गया है।

**जिला स्तरीय समिति**

जिला स्तर पर गठित समिति में अपर कलेक्टर/अपर जिला दण्डाधिकारी, जिला झाबुआ को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सदस्य होंगे तथा कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग सदस्य सचिव रहेंगे। इसके अतिरिक्त कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कार्यपालन यंत्री मध्यप्रदेश विद्युत मंडल तथा परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण को सदस्य नियुक्त किया गया है। यह समिति जिले में आयोजित होने वाले समस्त मेलों एवं मनोरंजन गतिविधियों की समुचित निगरानी एवं समन्वय सुनिश्चित करेगी।

**अनुभाग स्तरीय समिति**

अनुभाग स्तर पर मेले/एम्यूजमेंट राइड्स/मनोरंजन स्थल/गेमिंग जोन आदि के लिए अनुमति जारी करने हेतु समिति गठित की गई है।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी को अनुज्ञापन प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। समिति में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग (भवन), अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग (विद्युत एवं यांत्रिकी), तहसीलदार/नायब तहसीलदार,




अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, संबंधित थाना प्रभारी, सहायक यंत्री म.प्र. विद्युत मंडल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (नगर पालिका/परिषद) तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को सदस्य बनाया गया है।

**अनुमति की प्रक्रिया एवं आवश्यक प्रावधान**

मेले/मनोरंजन स्थल/गेमिंग जोन/एम्यूज़मेंट राइड्स के आयोजकों को आयोजन हेतु संबंधित अनुज्ञापन प्राधिकारी (अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/अनुविभागीय दण्डाधिकारी) के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करना होगा। समिति द्वारा प्राप्त आवेदन की तकनीकी एवं भौतिक परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर परीक्षण किया जाएगा।

अनुमति से पूर्व बिंदुओं का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। मेले का विधिवत ले-आउट तैयार किया जाना। झूलों की गुणवत्ता एवं भार क्षमता का परीक्षण तथा अधिकतम भार क्षमता संबंधी सूचना-पट अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करना। आगमन एवं निर्गम हेतु पर्याप्त मार्ग एवं खुला स्थान सुनिश्चित करना। भगदड़ अथवा आपात स्थिति से निपटने के लिए पूर्व तैयारी एवं आपदा प्रबंधन योजना तैयार करना। अग्निशमन यंत्र, फायर ब्रिगेड, पानी के टैंक, रेत आदि की पर्याप्त व्यवस्था। अस्थायी अस्पताल/डिस्पेंसरी की व्यवस्था। पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती। झूलों के बीच पर्याप्त दूरी (गैप) सुनिश्चित करना। प्रकाश व्यवस्था सुचारू रखना एवं किसी भी प्रकार के अवैध विद्युत कनेक्शन पर प्रतिबंध। फायर सेफ्टी, लोक निर्माण विभाग, विद्युत एवं यांत्रिकी, नगरपालिका/ग्राम पंचायत आदि से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना। मेले में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करना एवं आमजन हेतु हेल्प डेस्क की व्यवस्था। किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि का संचालन न होना सुनिश्चित करना तथा समय-समय पर निरीक्षण करना।

# यह बजट किसानों, युवाओं, महिलाओ, गरीबों और मध्यम वर्ग सभी के सशक्तिकरण का मजबूत आधार है-महामंत्री जाट

(ओम जैन शंभूपुरा)

**शंभूपुरा। राजस्थान सरकार द्वारा 11 फरवरी को प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए चित्तौड़गढ़ जिले के किसान नेता एवं सावा भाजपा मंडल के महामंत्री रामप्रसाद जाट ने इस बजट को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी का आभार जताया।**

महामंत्री जाट ने कहा कि यह बजट उन लोगों को समर्पित है जो मेहनत, ईमानदारी और राष्ट्र निर्माण में विश्वास रखते हैं, यह बजट किसानो, युवाओ, महिलाओ, गरीबो और मध्यम वर्ग आदि सभी के सशक्तिकरण का मजबूत आधार है। उन्होंने कहा नए विद्यालयों और देव नारायण बालिका संस्थानों की स्थापना, आधुनिक तकनीकी प्रयोग और व्यावसायिक शिक्षा पर बल से ग्रामीण व शहरी छात्रों के बीच की दूरी कम होगी। इससे आने वाले दशक में एक नई 'सक्षम और आत्मनिर्भर युवा पीढ़ी' तैयार होगी, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को नई दिशा



देगी। किसान नेता जाट ने कहा कि यह बजट आने वाले समय मे प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

# 6 किलोमीटर चलकर कलेक्टर से मिलने निकलीं छात्राएं, जांच के आदेश

(आशीष वाणी)

मो 9755571222

**आलीराजपुर।** मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिले आलीराजपुर में एक बार फिर एकलव्य आवासीय विद्यालय विवादों में आ गया है। आम्बुआ स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने प्राचार्य के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया।

छात्राएं विद्यालय से करीब 6 किलोमीटर पैदल चलकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचने के लिए निकलीं। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अमला सक्रिय हुआ और एसडीएम तपिश पांडे छात्राओं से मिलने पहुंचे ओर चर्चा की लेकिन चर्चा में छात्राएं वापस लौटने को तैयार नहीं हुई ओर कलेक्टर से मिलने की जिद्द पर अड़ी रही,एसडीएम ने तत्काल छात्राओं के लिए पानी की व्यवस्था करवाई ओर स्थिति से कलेक्टर को अवगत कराया।कलेक्टर श्रीमती माथुर तत्काल मौके पर पहुंची ओर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने छात्राओं को रास्ते में ही रोककर उनकी समस्याएं सुनीं।

**छात्राओं ने लगाए अपमानजनक व्यवहार और अव्यवस्थाओं के आरोप**

छात्राओं का आरोप है कि विद्यालय की प्राचार्य उनके साथ तानाशाही रवैया अपनाती हैं। छात्राओं ने बताया कि छात्रावास में उन्हें संतुलित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन नहीं दिया जाता।

**छात्राओं के अनुसार-** सोने के लिए दिए गए गद्दे व बिस्तर खराब हैं। दूध में पानी मिलाकर दिया जाता है। नाश्ते में दिए जाने वाले चनों में कीड़े निकलते हैं। भोजन की गुणवत्ता बेहद खराब है।



**कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश**

मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर स्वयं छात्राओं से मिलने पहुंचीं। उन्होंने छात्राओं को आश्वासन दिया कि उनके बयान दर्ज कराए जाएंगे और एक जांच दल गठित कर विद्यालय भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे आवश्यक कार्यवाई की जाएगी।

कलेक्टर की समझाइश के बाद छात्राओं को बस के माध्यम से वापस विद्यालय भेज दिया गया।

**बोर्ड परीक्षा के दौरान घटना से प्रशासन पर उठे सवाल**

गौरतलब है कि इस समय बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। ऐसे संवेदनशील समय में छात्राओं का सड़क पर उतरकर विरोध करना विद्यालय प्रशासन की लापरवाही को उजागर करता है। अब देखना होगा कि जांच के बाद जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है या नहीं...?

# जोबट विधायक सेना महेश पटेल का जन्मदिन बना भगोरिया महापर्व- 100 से ऊपर ढोल-मांदल और 10 हजार से अधिक जनसैलाब

(आशीष वाणी)

**अलीराजपुर। अलीराजपुर जिले की जोबट विधायक सेना महेश पटेल का जन्मदिन इस वर्ष पूरे जिले में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और जनउत्सव के रूप में मनाया गया। बुधवार को पटेल पब्लिक स्कूल ग्राउंड पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिलेभर के हजारों समर्थक पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और 100 से अधिक ढोल-मांदल की गूंज ने पूरे वातावरण को भगोरिया महापर्व के रंग में रंग दिया।**

सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा और लोग देर शाम तक नाचते-गाते रहे। आलीराजपुर, जोबट और आसपास के ग्रामीण, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बने। ढोल-मांदल की थाप पर पारंपरिक नृत्य और उत्साह देखने लायक था, हर चेहरे पर खुशी और उमंग साफ झलक रही थी। उत्सव के दौरान कई समर्थक और कार्यकर्ता आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल और युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुष्पराज पटेल को कंधे पर बैठाकर पारंपरिक नृत्य कराते नजर आए, जिससे कार्यक्रम में और भी जीवंतता और उल्लास देखने को मिला। ग्रामीणों ने कहा, विधायक के जन्मदिन के साथ ही अलीराजपुर जिले में लोक संस्कृति के महापर्व भगोरिया की शुरुआत हो गई है, जो आगामी 25 दिनों तक पूरे जिले में



उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा।

**इस अवसर पर विधायक सेना महेश पटेल ने कहा**

आज जन्मदिन के अवसर पर जिस आत्मीयता, प्रेम और पारंपरिक उत्साह के साथ क्षेत्र की जनता ने आशीर्वाद दिया है, उसके लिए हम हृदय से आभारी हैं। यह सम्मान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे जोबट और अलीराजपुर जिले की आदिवासी संस्कृति और आपसी एकजुटता का सम्मान है। हम क्षेत्र की सुख-समृद्धि, विकास और जनसेवा के लिए सदैव समर्पित रहेंगे।

**आदिवासी विकास परिषद, प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल ने कहा**

इस अवसर पर जब मैं क्षेत्रवासियों की हृदय से मिली आशीर्वाद और उत्साह को देखता हूँ, तो मन गर्व और खुशी से भर जाता है। यह जन्मोत्सव हमारी आदिवासी संस्कृति, एकजुटता और पारंपरिक उत्सवों का प्रतीक है। हम हमेशा क्षेत्र की सेवा और विकास के लिए समर्पित रहेंगे।

# महिला सशक्तिकरण और रोजगार को बढ़ावा देने वालों का है केंद्र का बजट-महापौर यादव

(आकाश गुप्ता)

**खरगोन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है, इसमें न केवल देश के सभी वर्गों के विकास, मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखा गया है, बल्कि इसमें महिला, बेटीयों को आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें सशक्त करने का भी प्रावधान है।**

यह बजट दिखाता है कि कैसे एक महिला घर के बजट के साथ ही देश के बजट को भी बना सकती है।

यह बात खंडवा महापौर अमृता यादव ने भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के तत्वाधान में आनंद नगर स्थित कपास मंडी में विकसित भारत बजट-2026-27 के महते महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन में खरगोन- बड़वानी लोकसभा क्षेत्र की सैंकड़ों महिलाओं ने भागीदारी की।

सम्मेलन को विधायक बालकृष्ण पाटीदार, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे, बड़वानी जिलाध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष जया शर्मा, बड़वानी नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी पटेल, बजट लोकसभा प्रभारी पूर्वा व्यास ने भी संबोधित किया। संचालन पूजा वोरे ने किया, आभार नगर महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतल राठौर ने माना। महापौर श्रीमती यादव ने आगे कहा कि बजट नारी शक्ति को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का सशक्त अवसर प्रदान करता है।

इससे महिलाओं के लिए नए रोजगार के अवसर, आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक सम्मान के नए द्वार खुलेंगे।

**पीएम मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को हर क्षेत्र में मिला नेतृत्व**

जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लखपति दीदी, सुकन्या योजना, उज्जवला योजना सहित आजीविका मिशन सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में लाडली बहना योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह सहित अनेक ऐसी योजनाएं है जो महिलाओं,






बालिकाओं के आत्मसम्मान को बढ़ाती है। पीएम मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सहित हर क्षेत्र में नेतृत्व मिला है।

**लाडली बहना से महिलाओं को मिला आर्थिक संबल**

विधायक पाटीदार ने केंद्र और प्रदेश सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रुप से मजबूत किया है। महिलाओं को जहां लाड़ली बहना योजना से प्रतिमाह 1500 रुपए की राशि मिल रही है जो आगे 3 हजार रुपए होगी, इससे महिलाओं को काफी संबल मिला है। वे घर के बजट सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में भी अपनी सहभागिता निभाते हुए नेतृत्व करने लगी है। सरकार ने बेटियों के विवाह के साथ उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य की भी चिंता की है। सरकार परिवार के मुखिया की तरह काम कर रही है। इन योजनाओं से परिवार चिंता मुक्त हो रहे है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा, व पूर्वी मंडल मीडिया प्रभारी रवि परमार ने जानकारी में बताया कि इस सम्मेलन में राजपुर नगर पालिका अध्यक्ष शिखा अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रभा राठौर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शालिनी रतोरिया, भाजपा जिला मंत्री अमिता मंत्री, खंडवा पार्षद रोशनी जी, बड़गांव पूर्व सरपंच आशा मोरे मंचासीन रहे। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री प्रकाश पाटीदार, हरे सिंह चावड़ा विवेक भटोरे, कार्यालय मंत्री विजय पटेल, नगर मंडल अध्यक्ष पूर्वी नगर मंडल अध्यक्ष अभिलाष अत्रे, पूर्वी मंडल महामंत्री दीपक पाटीदार, राजेन्द्र मंडलोई, आकाश गुप्ता, अमित मौर्य, जयशिव सेन, विनय पटेल, भानु यादव एवं दर्शना मोयदे, मिनाक्षी मुछाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता-पदाधिकारी एवं मातृशक्ति मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं में खासा उत्साह नजर आया। जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मणे ने कहा कि यह सरकार की रीति-नितियों, बुनियादी सुविधाएं देने की सोच का परिणाम है कि इतनी बड़ी संख्या में मातृशक्ति इस कार्यक्रम में शामिल हुई।

# जावद में घाणावार तेली समाज विवाह सम्मेलन, अध्यक्ष सोमानी का हुआ सम्मान, हुई प्रशंसा

**जावद। नगर में एक फोन पर जनसमस्या हल करने वाले भाजपा नेता नारायण सोमानी का सम्मान समारोह में सम्मान करने का क्रम इन दिनों भी जारी है। मंगलवार को खोर दरवाजा स्थित रामलीला मैदान पर श्री घाणावार तेली समाज का तुलसी विवाह एवं द्वितीय सामुहिक विवाह सम्मेलन में गायत्री परिवार के वैदित, विधिविधान, मंत्रोच्चार से भगवान सहित 22 जोड़े परिणय सूत्र बंधन में बंधे।**

प्रातः 9 बजे विवाह सम्मेलन को लेकर नगर में विशाल बैंड-बाजों, ढोल ढमाको की थाप पर समाजजनों की उपस्थिति में शोभायात्रा का हिंदूवादी नेता नारायण सोमानी के नेतृत्व में स्वागत करके आकर्षण रथ पर सवार सांवलिया सेठ, तुलसीमाता को केसरिया दुपट्टा समर्पित करके क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि की कामना को लेकर आशीर्वाद लिया। खोर दरवाजा रामलीला मैदान में विवाह सम्मेलन के दौरान आयोजित सम्मान समारोह में श्री घाणावार तेली समाज विवाह सम्मेलन अध्यक्ष हिरालाल बाथरा, मीडिया प्रभारी भरत राठौर, वरिष्ठ कन्हैयालाल राठौर, प्रहलाद बाथरा (सर), सुरेश बाथरा (सर) सहित पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों ने विवाह सम्मेलन का निस्वार्थ भाव से अच्छा करवेज करने पर जिला प्रेस क्लब तहसील अध्यक्ष एवं भाजपा नेता नारायण सोमानी का केसरिया दुपट्टा ओढाकर स्वागत सम्मान करके नागरिक अभिनंदन किया।



नगर में एक फोन पर जनसमस्या हल करने वाले जिला प्रेस क्लब तहसील अध्यक्ष नारायण सोमानी की प्रशंसा करके कहा भविष्य में भी एसा ही सहयोग की अपेक्षा की। मंच का संचालन लाला राठौर ने किया।

इस मौके पर नीमच जिला प्रेस क्लब जिला कोषाध्यक्ष श्याम सारडा, प्रेस क्लब उपाध्यक्ष संदीप बाफना सहित श्री घाणावार तेली समाज के पदाधिकारी, सदस्यगण, महिला, पुरूष मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता नारायण सोमानी का मीडिया में अच्छा करवेज एवं अखाडा में हैरत अंगेज करतब दिखाने पर गुजरात के सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल द्वारकाधीश, उडीसा का सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल जगन्नाथ पुरी, राजस्थान में श्री चारभुजाजी, श्रीनाथजी, सांवलिया सेठ, कोटरी श्याम, भीलवाडा, चित्तौड़गढ़, निम्बाहेडा, मध्यप्रदेश के जावद, नीमच, मंदसौर, मोडी, सुखानंद धाम, सहित अलग अलग क्षेत्रों में सैकड़ों बार साल श्रीफल, केसरिया दुपट्टा, साफा बांधकर स्वागत सम्मान हो चुका है।

## रहवासी क्षेत्र में मौत का कारखाना
## दो साल पहले हुआ था भीषण विस्फोट फिर भी जारी खतरनाक गतिविधियां

(उपेंद्र पाटोदिया)
9926809786

**रतलाम।** शहर के माणक चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत अमलतास कॉलोनी गेट के सामने स्थित करमदी रोड पर एक रहवासी एवं बाजार क्षेत्र के बीच कथित रूप से अवैध और अत्यंत खतरनाक कारखाना संचालित होने का मामला सामने आया है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि यहां भारी क्षमता के कंप्रेसर, विस्फोटक गैस ब्लोअर और धातु कटाई जैसी गतिविधियां खुलेआम की जा रही हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

शिकायतकर्ता शैलेश चौहान ने थाना माणक चौक में लिखित आवेदन देकर बताया कि संबंधित परिसर में कच्चे माल को पकाने हेतु अत्यधिक दबाव वाले गैस ब्लोअर और बड़े कंप्रेसरों का उपयोग किया जा रहा है। दिन-रात चलने वाली मशीनों से तेज शोर, कंपन और प्रदूषण फैल रहा है, जिससे आसपास रहने वाले परिवारों का जीवन प्रभावित हो रहा है।

चौंकाने वाली बात यह है कि लगभग दो वर्ष पूर्व इसी स्थान पर एक भीषण विस्फोट हो चुका है, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ था। उस समय विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि करीब 500 मीटर तक कंपन महसूस किया गया था और घरों का सामान तक हिल गया था। घटना के बाद शासकीय एजेंसियां मौके पर पहुंची थीं, लेकिन आरोप है कि आज तक स्थायी समाधान नहीं हुआ।



शिकायतकर्ता शैलेश चौहान

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

क्षेत्र में छोटे बच्चे, बुजुर्ग और परिवार रहते हैं, जिनकी सुरक्षा पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है।

लोगों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर इस मौत के कारखाने को बंद कराने और जांच कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर शिकायत पर कितनी तत्परता दिखाता है।

## ग्राम कोठारखेड़ी के हनुमान मंदिर से मुकुट-कुंडल चोरी

(राजेश लोधी (गोलू)/ मो. 8358891367)

**अशोक नगर।** जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के कोठारखेड़ी गांव में रात के समय हनुमान मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने मंदिर से मुकुट और कुंडल चुरा लिए हैं। चोरों ने मंदिर के दोनों गेटों पर लगे ताले काटे। ताले काटने के लिए बिजली से चलने वाली मशीन का उपयोग किया गया, क्योंकि बाहर लगा बोर्ड भी जला हुआ मिला है।

चोरी हुए मुकुट और कुंडल का अनुमानित वजन लगभग 700 ग्राम है। ग्रामीणों ने बताया कि रात में पुजारी पूजा करने के बाद मंदिर बंद करके गए थे। सुबह जब कुछ ग्रामीण पूजा के लिए पहुंचे तो उन्होंने दोनों गेट खुले देखे। मंदिर के पट खुले देख अंदर पहुंचने पर मुकुट



और कुंडल गायब मिले, जिसके बाद गांव के अन्य लोगों को जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना ईसागढ़ थाना पुलिस को दी। पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का अवलोकन किया गांव के लोगों ने बताया कि लगभग 5 साल पहले भी इसी मंदिर से मूर्ति के मुकुट और कुंडल चोरी हुए थे। उस चोरी का भी आज तक पता नहीं चला है। पिछली घटना के बाद ग्रामीणों ने पैसे एकत्रित कर फिर से चांदी के कुंडल एवं मुकुट बनवाए थे।

## मांडीवाल बने भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) के नीमच जिला अध्यक्ष

**कुकड़ेश्वर/नीमच। जिले में पत्रकारिता के क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहने वाले पत्रकार साथी भंवरलाल मांडीवाल को भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) के संगठन विस्तार और मजबूती के लिए एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है।**

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विक्रम सेन और यूथ विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संदीप जैन की सहमति से श्री भंवरलाल मांडीवाल को भारतीय पत्रकार संघ (यूथ विंग) का नीमच जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

**प्रमुख जिम्मेदारिया**

प्रदेश अध्यक्ष (यूथ विंग) धवन माहेश्वरी द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार, श्री मांडीवाल से यह अपेक्षा की गई है कि वे-

- पत्रकार जगत के हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे।
- जिले और सभी तहसीलों में ऊर्जावान युवा पत्रकारों को संगठन से जोड़कर इकाई को मजबूत बनाएंगे।



**बधाइयों का तांता**

दैनिक माटी की महिमा के ब्यूरो चीफ के रूप में कार्यरत श्री मांडीवाल की इस नियुक्ति पर स्थानीय पत्रकारों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है।

उनके मित्र राजू पटेल, राजू माली, गौतम उपाध्याय, हंसमुख बोहरा, दशरथ नागदा, जगदीश कच्छावा सहित कई पत्रकारों एव गणमान्य नागरिकों ने उन्हें उज्जवल भविष्य और सफल कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई दी है।

## प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन, गांव सांझी एवं कार्यक्रम में दी प्रस्तुतियां

(अनिल भरावा)

**आलोट। नगर के श्री जिन कुशल सूरी दादावाड़ी प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को साध्वी मंडल के निश्रा में कुंभ स्थापना, दीपक स्थापना, नवग्रह पाटला पूजन, दस दिगपाल पूजन, अष्ट मंगल पूजन और नंदा व्रत पूजन की क्रिया विधि कारक प्रवीण भाई द्वारा कराई गई।**



दोपहर में जैन भवन में गांव सांझी मेहंदी कार्यक्रम भी बीकानेर से आई एंकर कोमल गोलचा द्वारा भक्ति भावनाओं, महिला मंडल की सदस्यों की प्रस्तुतियां के साथ करवाया गया।

साध्वी चंदनबाला श्रीजी ने कहा कि प्रतिष्ठाकार्यक्रम जो उत्साह पूरे संघ का है यह बहुत बड़ी बात है और सबकी खूब अनुमोदना है, वही आचार्य जिन पीयूष सुरीशवारजी के शिष्य और हम सब को स्नेह और सहयोग देने वाले, सम्यक रत्न सागर जी को 13 फरवरी को आचार्य पदवी दी जा रही है, लेकिन हम वहां इस कार्यक्रम की वजह से नहीं पहुंच पाए, लेकिन हमारी शुभकामनाएं और कृतज्ञता है।



इस दौरान अष्टापद तीर्थ के सचिव रविंद्र सिंह श्री माल, एंकर कोमल गोलछा एवं कार्यक्रम के लाभार्थी परिवार का बहुमांन भी ट्रस्ट मंडल के अध्यक्ष सुरेश बांठिया सचिव सुनील चोपड़ा, कोषाध्यक्ष नितेश बांठिया द्वारा किया गया।


मृतक विशाल सोलंकी

# शराबी बाप को थप्पड़ मारने वाले बेटे को अपनी जान गवाना पड़ी

## बाप ने गुस्से में सोते हुए बेटे का गला दबाकर हत्या की और लाश बाथरूम में पटकी, हत्यारा पिता रायसिंह सोलंकी गिरफ्तार


आरोपी रायसिंह सोलंकी

**उज्जैन। मंगलवार सुबह विशाल की लाश बाथरूम में मिली थी। विशाल पंवासा थाना क्षेत्र के रघुनंदन मैरिज गार्डन के पीछे रहता था। उसकी हत्या का आरोप पिता रायसिंह पर परिजनों ने लगाया था।**

हत्या के बाद से फरार पिता को पुलिस ने मक्सी से पकड़ लिया। पिता रायसिंह ने पुलिस को बताया कि विवाद के दौरान बेटे ने उसे थप्पड़ मार दिया था, जिसका बदला लेने के लिए उसने बेटे का सोते समय गला दबाया और लाश बाथरूम में पटक दी। आपको बता दे की आरोपी रायसिंह सोलंकी पेशे से मिस्त्री है और उसे शराब की लत है। सोमवार रात वह शराब के नशे में घर पहुंचा और अपनी पत्नी सावित्री के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने लगा। घर में हो रहे इस विवाद झूमझटकी को देख छोटा बेटा विशाल बीच-बचाव करने पहुंचा और विशाल ने गुस्से में आकर अपने पिता रायसिंह को एक थप्पड़ जड़ दिया। इस विवाद से परेशान होकर रायसिंह की पत्नी सावित्री घर छोड़कर पास ही रहने वाले भाई के यहां चली गई, जबकि बड़ा बेटा सागर और विशाल अपने-अपने कमरों में सोने चले गए।

**परिजनों को हार्ट अटैक का झांसा देकर हुआ फरार**

जानकारी अनुसार मंगलवार सुबह जब विशाल अपने बिस्तर पर नहीं मिला, तो बड़े भाई सागर ने तलाश शुरू की। पिता रायसिंह ने खुद बाथरूम का दरवाजा खोलकर दिखाया और नाटक करते हुए कहा कि शायद विशाल को हार्ट अटैक आया है। हालांकि, विशाल के गले पर खरोंच और नाखून के निशान देखकर सागर को पिता पर शक हुआ। जैसे ही सागर ने पुलिस को सूचना देने की बात कही, आरोपी रायसिंह घर से भाग निकला।

**पिता के अनुसार सोते समय गला दबाकर की हत्या**

पुलिस पूछताछ में आरोपी रायसिंह ने कबूल किया कि थप्पड़ खाने के बाद वह काफी गुस्से में था। जब घर के अन्य सदस्य सो गए, तो वह देर रात दबे पांव विशाल के कमरे में दाखिल हुआ। विशाल गहरी नींद में था, जिसका फायदा उठाकर रायसिंह ने उसका गला दबा दिया। दम घुटने के कारण विशाल की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी ने बेटे लाश को घसीटकर बाथरूम में पटक दिया और खुद अपने कमरे में जाकर सो गया।

**लोकेशन ट्रेस कर पुलिस ने मक्सी के पास से दबोचा**

थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और आरोपी का मोबाइल लोकेशन ट्रेस करना शुरू किया।

रायसिंह की लोकेशन मक्सी के समीप झोंकर क्षेत्र में मिली, जिसके बाद घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज किया है।

# भारतीय जनता पार्टी जिला उज्जैन ग्रामीण ने पितृपुरूष पं. दीनदयाल जी उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई

**उज्जैन। भारतीय जनता पार्टी जिला उज्जैन ग्रामीण द्वारा बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ के मुख्य आतिथ्य में भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरूष, जनसंघ के संस्थापक सदस्य पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।**

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा गया कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।

जिसके पीछे दीनदयाल जी का संघर्ष, समर्पण है। एकात्म मानववाद का मंत्र लेकर भाजपा आज अंतिम व्यक्ति तक अपनी सरकार की जनहितैषी योजनाओं को पहुंचा रही है।

वरिष्ठ नेता व समर्पण निधि के जिला प्रभारी किशोर मेहता ने कहा कि भाजपा आज अपने विचार के कारण सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी है, भारत माता को आराध्य मानकर कार्य किया, देशभर में पार्टी की विचारधारा को पहुंचाने में पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का महत्वपूर्ण योगदान है।

**जिलाध्यक्ष ने ताजपुर मण्डल के कार्यकर्ताओं का किया सम्मान**

केन्द्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर समर्पण निधि अभियान









प्रारंभ किया गया, जिसमें भाजपा ताजपुर मण्डल ने स्वेच्छिक समर्पण निधि संग्रहण का लक्ष्य प्रथम दिवस ही प्राप्त किया। जिस पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने मण्डल अध्यक्ष अजय जोशी सहित समस्त ताजपुर मण्डल के कार्यकर्ताओं का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया व शुभकामनाएं प्रेषित की।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गजेन्द्र परमार ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महामंत्री श्याम शर्मा, कार्यालय प्रमुख सुमेरसिंह कालुहेड़ा, मण्डल अध्यक्ष अजय जोशी, अरविंदसिंह सोलंकी, वासुदेव पाण्डे, रमेश कलेसरिया, रामकिशन प्रजापति, सतीश मालवीय, रतनसिंह उपलाना, रमेश चौधरी,चंपालाल आंजना सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बड़वारा में फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत घर-घर खिलाई जा रही फाइलेरिया की दवा

**(विवेक खरे,देवेंद्रनगर)**

फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ग्राम बडवारा में घर घर जाकर फायलेरिया दवा खिलाई जा रही हैं। आज दिनांक 11 फरवरी को दोपहर 2 बजे सीबीएमओ डॉ. अभिषेक जैन द्वारा बड़वारा ग्राम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे हर घर और हर स्कूल में जाकर लोगों को दवाई खिलाएँ तथा यह सुनिश्चित करें कि दवाई उनके सामने ही सभी लोग सेवन करें। डॉ. जैन ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक घर तक पहुँचकर दवाई खिलाना आवश्यक है ताकि फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सके। उन्होंने



ग्रामीणों से भी अनुरोध किया कि सभी लोग इस दवा का सेवन अवश्य करें, जिससे पूरा गाँव फाइलेरिया और हाइड्रोसील जैसी बीमारियों से मुक्त हो सके।

# 35 पेटी अवैध शराब जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया

**(आशीष वाणी)**

**आलीराजपुर। कलेक्टर अलीराजपुर श्रीमती नीतू माथुर, एवं जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती बसंती भूरिया के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम झड़ोली के वेलार फलिया में घासफूस एवं कचरे के ढ़ेर में से 35 पेटी अवैध मदिरा जब्त की गई।**


इस प्रकार लगभग कुल 420 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई। मदिरा की मात्रा 50 बल्क लीटर से अधिक होने पर मदिरा को कब्जे आबकारी लिया गया। मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) 34(2) में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी एस रावत के नेतृत्व में आबकारी टीम द्वारा मदिरा जब्त की गई जिसकी अनुमानित कीमत1 लाख 800 सौ रुपए है। इस कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक गंभीर सिंह वास्कले, श्रीमती जयश्री त्रिपाठी, मोहित बिरला, मुख्य आरक्षक अमानुल्ला खान, आरक्षक कालूसिंह बघेल, हितेंद्र सिंह चावड़ा, आयुष रावत, विवेक, प्रवीण चौहान, मनीष भयडीया का सराहनीय सहयोग रहा।

# बरसात के पानी वाले नाले पर अतिक्रमण को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**(खाचरोद/गिरधारी गेहलोत)**

**खाचरोद।** नगर के मध्य गणेशदेवली रहवासीगणों द्वारा प्रतिवर्ष बरसात के गंदे पानी से होने वाले नुकसान को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम कार्यालय पर एसडीएम नेहा साहू को सौंपा गया।

ज्ञापन का वाचन वरिष्ठ पत्रकार ललित सोनी द्वारा किया गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि प्रतिवर्ष बरसात का पानी हमेशा गणेशदेवली के रहवासीगण एवं दुकानदारों के यहां बरसात का पानी घुस जाने से लाखों का नुकसान होता है। हर बार प्रशासन निरीक्षण कर समस्या का निराकरण का आश्वाशन देकर इतिश्री कर ली जाती है। गणेशदेवली स्थित नाले पर अतिक्रमण 60 से 70 फिट पर इतना हो गया कि नाला मात्र 8 फिट का हो जाने से बरसात का पानी फव्वारा चौक से घूमकर गणेशदेवली क्षेत्र में आ रहा है। समस्या का निराकरण कर अतिक्रमण को हटाकर नाले की पुनः चौड़ाई बनाई जाय जिससे बरसात का पानी सरलता से निकल जाए। ओर बरसात का पानी गणेशदेवली क्षेत्र पर नही आए। ज्ञापन देने में गणेशदेवली क्षेत्र के नागरिकगण उपस्थित रहे।



प्रकाशक, मुद्रक धवन माहेश्वरी, मालिक गजेन्द्र माहेश्वरी द्वारा उदयरत्न ऑफसेट,10/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड़, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से मुद्रित, 190, विधापति नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित
संपादक:शानू माहेश्वरी, ( 9754776006, 7974826006, 8643056464,9575154444) समाचार पत्र में प्रकाशित प्रत्येक समाचार के लिए प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र उज्जैन ही रहेगा । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एट के तहत जिमेदार। कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)।